डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय,लखनऊ
**Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow**
Office : Mohaan Road, Lucknow - 226 017, Website : http://dsmru.up.nic.in

पत्रांकः COE-416 /DSMNRU/फा0सं0–1681/पीएच.डी.कार्स वर्क/2023–24 दिनांकः–30 सितम्बर, 2023

## प्री–पीएच0डी0 कोर्स वर्क परीक्षा, 2023 सत्र–2021–22 हेतु
## ऑन–लाइन आवेदन विषयक आवश्यक सूचना

विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र–2021–22 में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेशित शोधार्थियों की प्री–पीएच0डी0 कोर्स वर्क परीक्षा, 2023 का आयोजन कराया जाना प्रस्तावित है। उक्त परीक्षा हेतु शोधार्थी निम्नलिखित व्यवस्थानुसार ऑन–लाइन परीक्षा आवेदन–पत्र भरना सुनिश्चित करें :–

1) उपर्युक्तानुसार विश्वविद्यालय में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्री–पीएच0डी0 कोर्स वर्क परीक्षा हेतु अर्ह/पात्र शोधार्थियों को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय की **वेबसाइट http://dsmru.up.nic.in पर प्रदर्शित हो रहे लिंक https://dsmnruerp.in/phd_2023_exam के माध्यम से अपनी Email ID अंकित करते हुए Email ID पर प्राप्त होने वाले लिंक के माध्यम से दिनाँक 03.10.2023 से दिनाँक 07.10.2023 तक आवेदन–पत्र भर सकते हैं।** साथ ही शोधार्थी उक्त ऑन–लाइन आवेदन की एक स्वहस्ताक्षरित प्रति शुल्क, दिव्यांगता प्रमाण–पत्र, अन्तिम शैक्षिक योग्यता अंक–पत्र/प्रमाण–पत्र एवं अन्य समस्त संलग्नको सहित अपने विभाग में जमा करना सुनिश्चित करेंगे तथा एक प्रति अपने पास भी सुरक्षित रखें। विभागीय पटल सहायक द्वारा जमा समस्त ऑन–लाइन आवेदन की प्रति को सम्बन्धित विभागाध्यक्ष/अधिष्ठाता के माध्यम से अग्रसारित कराते हुए सूचीबद्ध (समस्त विवरण सहित) करते हुए अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

2) उक्त के क्रम में विश्वविद्यालय में अध्ययनरत् दृष्टिबाधित शोधार्थियों को सूचित किया जाता है कि उन्हें परीक्षा हेतु ऑन–लाइन आवेदन अपने विभाग के माध्यम से भर सकते हैं। **ऑन–लाइन अवेदन हेतु निर्धारित तिथि 07.10.2023 को विस्तारित किया जाना संभव नहीं होगा। अतः परीक्षा आवेदन समयबद्ध अपेक्षित है।**

3) शोधार्थियों से अपेक्षित है कि वे अपने ऑन–लाइन परीक्षा आवेदन–पत्र में समस्त प्रविष्टियाँ सावधानी पूर्वक स्वयं भरें। विश्वविद्यालय कार्यालय में आवेदन प्राप्त होने के उपरांत किसी भी प्रकार के संशोधन/परिमार्जन का अवसर उन्हें नहीं प्रदान किया जायेगा।

4) ऑन–लाइन परीक्षा आवेदन में समस्या हेतु **हेल्प लाइन नं0**–9667277184/Email-dsmnru.help@ gmail.com पर सम्पर्क करेंगे।

5) **ऑन–लाइन परीक्षा आवेदन–प्रपत्र भरते समय संलग्नक हेतु आवश्यक अभिलेख/निर्देश :–**

1. 30-50 KB साइज की स्कैन्ड फोटो सॉफ्ट कॉपी में।
2. 10-30 KB साइज की स्कैन्ड हस्ताक्षर सॉफ्ट कॉपी में।

उपरोक्तानुसार यदि किसी भी स्तर पर परीक्षा आवेदन में दी गई सूचना/विवरण असत्य, भ्रामक, अपूर्ण, अपठनीय/अस्पष्ट पाई जाती है अथवा परिलक्षित होती है तो विश्वविद्यालय को परीक्षा आवेदन निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा तथा उसे उक्त परीक्षा एवं परीक्षा परिणाम से वंचित रखा जायेगा जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित शोधार्थी की होगी।

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक

पत्रांकः COE-416 /DSMNRU/फा0सं0–1681/पीएच.डी.कार्स वर्क/2023–24 दिनांकः– 30 सितम्बर, 2023

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. वैयक्तिक सहायक, कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के सादर अवलोकनार्थ।
2. कुलसचिव, विश्वविद्यालय।
3. वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
4. समस्त अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष/समन्वयक को इस अनुरोध के साथ कि वह अपने स्तर से शोधार्थियों को निर्देशित करने का कष्ट करें।
5. समन्वयक, पीएच0डी0 कोर्स वर्क (शोध), विश्वविद्यालय।
6. सम्बन्धित अधिकारीगण, विश्वविद्यालय।

7. सिस्टम एनॉलिस्ट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
8. विभागीय पटल सहायक को इस निर्देश के साथ कि विभागीय शोधार्थियों से प्राप्त आवेदन की हार्ड कापी शुल्क, दिव्यांगता प्रमाण–पत्र, अन्तिम शैक्षिक योग्यता अंक–पत्र/प्रमाण–पत्र एवं अन्य समस्त संलग्नकों सहित को विभाग में जमा कराते हुए विभागाध्यक्ष/अधिष्ठाता से अग्रसारित कराते हुए आवेदन को सूचीबद्ध करते हुए परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में दिनाँक 10.10.2023 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।
9. सम्बद्ध एजेन्सी एवं परीक्षा विभाग के समस्त प्रकोष्ठ एवं अनुभाग को अनुपालनार्थ।
10. समस्त नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।

30/9/23

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक